अनुसार आयातक के बैंक द्वारा सीधे ब्याज दिया जायेगा । अन्य बैंक प्रभार, जिसमें दस्तावेजों के आदान प्रदान के लिये प्रभार भी शामिल है, यदि कोई हो, और जापानी प्रायोजक बैंक के लिये अदा किये जाने वाले प्रभार भी आयातक के बैंक द्वारा सीधे ही निपटाये जायेगें । इसलिये, जापान एग्जिमा बक से ऐसे प्रभारों की प्रतिपूर्ति के लिये किसी किस्म का दावा नहीं किया जाना है ।

जब और जैसे ही आपके द्वारा कोई भुगतान किया जाता है और आपको इसकी प्रतिपूर्ति की जाती है तो निर्धारित प्रपत्र में इसकी सूचना इस मंत्रालय को भेज दी जानी चाहिये ।

इस प्राधिकार पत्र का अभिप्राय जापानी संभरकों के नाम में एक साख-पत्र खोलने से है । साख-पत्र के लिये अनुवर्ती संशोधनों अथवा प्रस्तुत प्राधिकरण के मद्द आगामी नये साख-पत्र इस मंत्रालय द्वारा एक विशष प्राधिकार के बिना प्रभावी नहीं किये जा सकते हैं ।

यह प्राधिकार पत्र ..... तक वैध रहेगा ।

भवदीय,

लेखाधिकारी

---

सरकारी विभागों को छोड़कर सार्वजनिक
क्षेत्र आयातों के लिये

प्रति प्रेषित :—

1. आयातक ..... को उनके पत्र संख्या ..... दिनांक ..... के संदर्भ में ।

2. आयातक के बैंकर ..... को । उनसे निवेदन किया जाता है कि वे बक आफ इंडिया, टोकियो शाखा से दस्तावजों की पावती पर जापानी संभरकों को किए गये येन भुगतान के समतुल्य रुपये को जमा करने की व्यवस्था करें । संभरकों को चुकाई गई धनराशि के समतुल्य रुपये की गणना सार्वजनिक सूचना संख्या :..... ..... दिनांक ..... में तथा समय समय पर जारी की जाने वाली अन्य ऐसी ही सार्वजनिक सूचनाओं में संकेतिक परिवर्तन की प्रचलित दर के हिसाब से की जाएगी । संभरक को भुगतान की तारीख । बैंक आफ इंडिया को प्रतिपूर्ति की तारीख तथा सरकारी लेखे में समतूल्त रुपया जमा करने की तारीख के बीच की अवधि के लिये 6 प्रतिशत की दर से वार्षिक ब्याज को भी भारत सरकार के लेख में जमा करना आवश्यक है । यह भली भांति जान लेना चाहिये कि इस प्रकार के निक्षप आयातक को सीमाशुल्क निकासी के लिये आयात दस्तावेजों के मूल सेट को सौंपने से पहले ही पूरे कर लिये जाते हैं ।

---

इस प्रकार की धनराशि या तो रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, नई दिल्ली अथवा स्टेट बैंक आफ इण्डिया तीस हजारी, दिल्ली में जमा की जानी चाहिये और या उनके द्वारा रिजर्व बैंक आफ इण्डिया की किसी भी शाखा अथवा उसकी सहायक शाखा (आदेशिती तथा पावक) द्वारा स्टेट बैंक आफ इण्डिया तीस हजारी शाखा (आदेशिती तथा पावक) के लिये तथा उसे अदा की जाने वाली दर्शनी

हुंडी के माध्यम से किया जाना चाहिये । इस संदर्भ में उनका ध्यान सार्वजनिक सूचनायें सं० 233–आई० टी० सी० (पी एन)/68 दिनांक 24–10–68 तथा संख्या 132–आई टी सी (पी एन)/71, दिनांक 5–10–71 की ओर दिलाया जाता है । जिस लेख में निक्षेप किया जाना है उसका शीर्षक इस प्रकार होगा—"टि—डिपोजिटस एण्ड एडवान्सेज—पार्ट–2 डिपोजिट्स फार परचसिस एग्राड अन्डर डायरेक्ट पेमेंट प्रोसीजर" अन्डर दि डिटल्ड हैड" डिपोजिट्स फार कास्ट आफ सप्लाइज एण्ड इक्विपमेंट आन्टेन्ड अन्डर टवेल्थ येन क्रडिट फ्राम जापान ।"

ऐसे मामलों में जहां समतुल्य रुपये को नकद में सार्वजनिक सूचना सं० 132—आई टी सी (पी एन)/71, दिनांक 5–10–71 में निर्धारित किये गये के अनुसार रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, नई दिल्ली अथवा स्टेट बैंक आफ इण्डिया, तीस हजारी दिल्ली में जमा किया जाता है तो उनके द्वारा मूल चालान की एक प्रति बैंक आफ इण्डिया, टोकियो शाखा से प्राप्त परामर्श नोट के ब्यौरों को देते हुये एक अग्रषण-पत्र के साथ निम्नलिखित पते पर भेजी जानी चाहिये :—

सहायता लेखा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) द्वितीय मंजिल, जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली 1 ।

ऐसे मामलों में, जहां समतुल्य रुपया उपर्युक्त सार्वजनिक सूचना दिनांक 24–10–68 में निर्धारित डिमांड ड्राफ्टस के माध्यम से प्रषित किया जाता है तो उसकी सूचना उपर्युक्त पते पर भेजी जानी चाहिये । सभी मामलों में जमा किये गये समतुल्य रुपये और इसके साथ अदा की गई ब्याज की राशि और वह अवधि जिसके लिये ब्याज की गणना की गई है उसके पूरे ब्यौरे इस विभाग को भेजे जाने चाहिये ।

बैंक प्रभार, ब्याज और बैंक आफ इंडिया, टोकियो शाखा के अन्य प्रभार, भारतीय बैंक तथा दि बैंक आफ इंडिया, टोकियो शाखा के बीच सीधे निपटाये जाने चाहिये ।

3. जापान का निर्यात तथा आयात बैंक, टोकियो ।

4. भारत का राजदूतावास, टोकियो ।

लेखाअधिकारी

सरकारी विभागों की ओर से आयातों के लिए

प्रति प्रेषित :—

1. .....

(आयातक/प्रेषिती का नाम तथा पता)

यह जान लेना चाहिये कि येन भुगतान के समतुल्य रुपये के लिये विकलन, /ए० जी० सी० आर० के माध्यम से ..... के नाम में डाले जायेंगे ।

1. .....
(लेखा अधिकारी)

2. .....
(लेखा अधिकारी)

परिशिष्ट—2

बारहवें येन क्रैडिट के अन्तर्गत निजी क्षेत्र संस्थान तथा सरकारी विभागों द्वारा आयातों के लिए लाइसेंस शर्तें

खण्ड—1 : सामान्य शर्तें :

1(1) लाइसेंस का शीर्षक "जापानी 12 येन क्रैडिट" होगा और उस पर यह भी संकेत होगा कि वह क्रेडिट के परियोजना अथवा गैर-परियोजना सेग्मेंट से सम्बन्धित है। प्रथम तथा द्वितीय प्रत्यय के लिए लाइसेंस कोड "एस/जे एन" होगा ।

1(2) जापान में बैंक प्रभारों के अतिरिक्त जो सामान्य बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से प्रेषण किए जा सकते हैं, किसी भी विदेशी मुद्रा का प्रेषण आयात लाइसेंस के लिए स्वीकार्य नहीं होगा। भारतीय अभिकर्ता सम्बन्धी कोई भी भुगतान भारत स्थिति अभिकर्ताओं का भारतीय मुद्रा में ही किया जाना चाहिए। लेकिन, इस प्रकार के भुगतान लाइसेंस मूल्य के अंश होंगे, और ये इसलिए लाइसेंस के लिए लिये जाएंगे।

1(3) आयात लाइसेंस लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर प्रारम्भिक चार माह की अवधि के लिए और पोतलदान को पूरा करने के लिए 12 माह की अवधि के लिए जारी किए जाएंगे। आयात लाइसेंस की प्राप्ति के पश्चात् आयातक को चाहिए कि वह आयात लाइसेंस जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर इसके ब्यौरों के बारे में वित्त मन्त्रालय, आर्थिक कार्यविभाग डब्ल्यू ई–1 अनुभाग को सूचना दें।

1(4) पक्के आदेश लागत तथा भाड़ा के आधार पर आयात लाइसेंस जारी होने की तारीख से चार माह के भीतर ही जापानी संभरकों को अवश्य पछाट जाए चाहिए। 1–9–1973 के बाद जारी किए गए आयात लासेंसों के सम्बन्ध में संविदा कार्य के लिए स्वीकृत अवधि उपयुक्त रूप से घटाई जाएगी जिससे यह सुनिश्चय किया जा सके कि संविदा कार्य 1–1–1974 के बाद नहीं किया जाता है। संविदा का मूल्य येन (येन अंशकों नहीं दिखाना चाहिए) में अभिव्यक्त किया जाना चाहिए और इसमें भारतीय अभिकर्त्ता का कमीशन शामिल नहीं करना चाहिए और यदि कोई हो तो इसे भारतीय रुपए में अदा किया जाना चाहिए और बीमा प्रभारों को भी शामिल नहीं किया जाना चाहिए यदि बीमा भारतीय बीमाकर्त्ता के साथ किया जाता है तो ऐसी स्थिति में किश्त भारतीय रुपये में चुकाई जानी चाहिए। जहाज पर निःशुल्क, भाड़ा तथा बीमा तत्वों को अलग-अलग प्रदर्शित किया जाना चाहिए। 4 माह के भीतर संविदा जारी करने की इस शर्त का तब तक अनपालन किया गया नहीं माना जाएगा जब तक कि आयात लाइसेंस जारी होने की तारीख से 4 माह के भीतर सम्पूर्ण संविदा-दस्तावेज वित्त मन्त्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, डब्ल्यू ई–1 अनुभाग को नहीं पहुंच जाते हैं। यदि आदेश वैध कारणों से 4 महीने के भीतर नहीं दिए जा सकते हैं तो आदेश देने के कार्य हेतु पुर्नवेधीकरण के लिए लाइसेंस, मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात को प्रस्तुत किए जाने चाहिए और इस कारण का उल्लेख कर देना चाहिए कि आदेश 4 महीने की अवधि के दौरान क्यों नहीं दिए जा सके। इस प्रकार के आवेदन पत्रों पर मुख्य नियन्त्रक, आयात-निर्यात द्वारा आर्थिक कार्य विभाग के साथ परामर्श कर पात्रता के आधार पर विचार किया जाएगा और यदि वे स्वीकार कर लिए जाते हैं तो आदेश देने के लिए लाइसेंसों को और आगे 3 माह की अवधि तक पर्नवैध किया जाएगा।

1(5) लाइसेंस अवधि की समाप्ति के एक मास के भीतर सभी भुगतान पूरे कर दिए जाने चाहिए। अलग अलग भुगतानों की व्यवस्था माल के पोत लदान पर ही की जानी चाहिए

संविदा में नकद के आधार पर अर्थात् पोतलदान दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण पर भुगतान करने की व्यवस्था होनी चाहिए। भारतीय आयातक द्वारा जापानी संभरक से किसी भी प्रकार की साख सुविधा प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गैर-परियोजना तथा परियोजना सेग्मेंट के अन्तर्गत संविदाओं में माल के सम्भरण के लिए इस प्रकार की अवधि की व्यवस्था होनी चाहिए :—

"साखपत्र की पावती के.....महीनों के बाद लेकिन अधिक से अधिक.....के अन्त तक पूरा किया जाना है।"

पोतलदान की अन्तिम तिथि का निर्धारण करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह गैर-परियोजना सेग्मैट के मामले में 31—12—74 तथा परियोजना सेग्मेंट के मामले में 31-12-75 के बाद की तिथि नहीं होगी।

खण्ड—2 : संविदा करते समय ध्यान में रखी जाने वाली विशेष बातें :

2(1) जापानी संभरकों को भुगतान की व्यवस्था, जापानी बारहवें येन के क्रेडिट के अन्तर्गत बैंक आफ इण्डिया, टोकियो द्वारा उनके नाम में खोले जाने वाले अपरिवर्तनीय साख-पत्र के माध्यम से की जानी चाहिए जिस के ब्यौरे नीचे के खण्ड पांच में दिए गए हैं।

2(2) आयात लाइसेंस के पूरे मूल्य के लिए केवल एक संविदा की जानी चाहिए। खास-खास मामलों में, दो संविदाओं की अनुमति दी जा सकती है किन्तु इसके लिए आयात लाइसेंस जारी होने की तारीख से एक महीने के अन्दर ही आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मन्त्रालय की पूर्व अनुमति ले लेनी चाहिए।

2(3) बारहवें येन क्रेडिट के गैर-परियोजना सेग्मेंट के अन्तर्गत की जाने वाली किसी भी एक संविदा का मूल्य येन 1 करोड़ से कम नहीं होना चाहिए। केवल नीचे की श्रेणी को छोड़ कर जैसे कि नीचे के सामने संकेतित है, कम मूल्य के लिए आवेदन किया जा सकता है :—

| श्रेणी | धन राशि |
|---|---|
| (1) भारत-जापान संयुक्त उद्यम | येन 20 लाख |

बारहवें येन क्रेडिट की परियोजना सेग्मेंट के लिए प्रत्येक संविदा का मूल्य 3 करोड़ से कम नहीं होना चाहिए।

खण्ड—3 : संविदाओं में सम्मिलित की जाने वाली विशेष बातें :

3(1) संविदा में इस सम्बन्ध में एक विशेष व्यवस्था होनी चाहिए कि संविदा की व्यवस्था बारहवें येन क्रेडिट से सम्बन्धित भारत सरकार तथा जापानी एग्जिम बैंक के बीच दिनांक 2 फरवरी, 1973 को हुए ऋण करार के अनुसार की जाएगी और यह इसके अधीन होगी कि यह भारत सरकार तथा जापानी एग्जिम बैंक के अनुमोदन पर ही बारहवें येन क्रेडिट के अन्तर्गत वित्तदान के लिए प्रभावी की जाएगी।

3(2) संविदा में इस सम्बन्ध में एक विशेष वाक्यांश यह शामिल कर लिया जाना चाहिए कि पोतलदान की व्यवस्था पूरी हो जाने के शीघ्र ही बाद बीजक तथा लदान-पत्र की एक-एक प्रति के साथ जापानी संभरक को चाहिए कि वह भारत का राजदूतावास, टोकियो को एक रिपोर्ट भेजे।

3(3) संविदा में इस सम्बन्ध में भी एक विशेष वाक्यांश यह जोड़ दिया जाना चाहिए कि जापानी सम्भरक येन क्रेडिट व्यवस्थाओं के अन्तर्गत ऐसी जानकारी तथा दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए राजी होगा जिसे एक तरफ तो भारत सरकार द्वारा आवश्यक समझा जाए और दूसरी तरफ जापानी एग्जिम बैंक/भागीदार जापानी बैंकों द्वारा ।

खण्ड—4 : एग्जिम बैंक द्वारा संविदा-अनुमोदन :

4(1) संविदा जारी करने के 15 दिनों के भीतर ही लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह सम्बद्ध वैध आयात लाइसेंस की एक फोटो प्रति या सांक्ष्यांकित प्रति के साथ जापानी संभरक के साथ की गई संविदा की चार प्रतियों को जो दोनों पार्टियों द्वारा हस्ताक्षरित है, डब्ल्यू ई–1 अनुभाग, अर्थकार्य विभाग वित्त मन्त्रालय, नार्थ ब्लाक, केन्द्रीय सचिवालय, नई दिल्ली को भेजें और इसके साथ विदेशी मुद्रा देने में प्राधिकृत उस बैंक का एक वचन-पत्र (अनुबन्ध—1) भी देना चाहिए जिसके माध्यम से जापानी संभरक के नाम साख-पत्र खोला जाएगा । इसके अतिरिक्त, निम्न-लिखित को शामिल करते हुए चार प्रतियों में एक विवरण भी भेजना चाहिए :—

(क) भारतीय आयातक का नाम, डाक तथा तार का पता ।

(ख) जापानी संभरक का नाम तथा पता ।

(ग) भारत में आयातक के बैंक का नाम तथा पता । (यह वह बैंक होगा जो उपर्युक्त वचन-पत्र देगा) ।

(घ) जहाज पर्यन्त नि:शुल्क मूल्य तथा भाड़ा और बीमा प्रभारों को अलग से संकेतित करते हुए विनिमय की मिली-जुली दर पर परिवर्तित जापानी येन तथा भारतीय रुपये में संविदा का मूल्य ।

(ङ) आयात किए जाने वाले माल का संक्षिप्त विवरण ।

(च) इस संविदा के अन्तर्गत किए जाने वाले भुगतानों की संभावित तारीख तथा धनराशि को संकेतित करते हुए एक अनुसूची (उन परिकल्पनाओं का भी संकेत किया जाना चाहिए जिन पर अनुसूची आधारित है) ।

(छ) आयात लाइसेंस की सं० तथा दिनांक ।

(ज) यदि परियोजना भारत–जापान उद्यम की है, तो उसका संकेत कीजिए । यदि ऐसा है तो सहयोग करार के निम्नलिखित विवरणों को चाहे वे आर्थिक हों या तकनीकी, यदि सहयोग करार अभी भी वैध हैं, तो स्पष्टरूप में संकेतित करते हुए एक नोट में दिया जाना चाहिए :—

(1) जापानी सहयोगकर्ता का नाम तथा पता ।

(2) सहयोग करार का दिनांक ।

(3) तैयार की जाने वाली मद ।

(4) सहयोग किस प्रकार का है ।

(5) सहयोग कब तक वैध है ।

(6) अन्य कोई सूचना ।

4(2) परियोजना सैग्मेंट के अन्तर्गत आवंटनों के मामले में संविदा के लिए जापानी प्राधिकारियों के अनुमोदन के अलावा, आवंटन के लिए उनका अनुमोदन प्राप्त करने के लिए संविदा

की प्रतियों के साथ अतिरिक्त जानकारी (4 प्रतियां अनुबन्ध–1 के रूप में) भेजी जानी चाहिए। ऐसे मामलों में आयातक को विदेशी मुद्रा के उपयोग के बारे में पूर्ववर्ती 6 मास की अवधि से संबंधित प्रत्येक वर्ष के जनवरी तथा जुलाई मास के प्रथम सप्ताह में एक प्रगति रिपोर्ट भी (तीन प्रतियों में) वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, डब्ल्यू ई–1 अनुभाग को भेजनी आवश्यक है।

4(3) वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, डब्ल्यू ई–1 अनुभाग संविदा की प्रतियों को जापानी एग्जिम बैंक को (भारत के राजदूतावास, टोकियो के माध्यम से) बारहवें येन क्रेडिट के अन्तर्गत वित्तदान हेतु उनका अनुमोदन प्राप्त करने के लिए भेजने की व्यवस्था करेगा।

4(4) जापानी एग्जिम बैंक से संविदा अनुमोदन की सूचना प्राप्त होने पर, लाइसेंसधारी को इसके बारे में वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, डब्ल्यू ई–1, अनुभाग द्वारा अवगत कराया जाएगा जो दस्तावेजों के एक सेट को सहायता लेखा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट को भी प्रेषित करेगा। (जापानी एग्जिम बैंक अपने संविदा अनुमोदन सूचना की एक प्रति बैंक आफ इंडिया, टोकियो को भी भेजेगा)।

खंड–5 : जापानी संभरकों के लिए भुगतान—साखपत्र प्रक्रिया :

5(1) वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, डब्ल्यू ई–1 अनुभाग से संविदा अनुमोदन सूचना पत्र जारी होने के 3 सप्ताह के भीतर आयातक को चाहिए कि वह अनुबन्ध–3 में निर्धारित प्रपत्र में एक बैंक गारंटी के साथ उस भारतीय बैंक में शाख-पत्र खोलने के लिए नियंत्रक, सहायता लेखा, अर्थ कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, 10, जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–1 (जिसे बाद में सुविधा के लिए सी ए ए के रूप में उल्लिखित किया गया) के साथ सम्पर्क स्थापित करें जिसने सम्बद्ध जापानी संभरक के नाम में अपरिवर्तनीय साखपत्र खोलने के लिए बैंक गारंटी दी है। (इसे जान लिया जाना चाहिए कि निजी क्षेत्र आयातों के सम्बन्ध में जापानी बैंकों को जारी किए साख-पत्रों को अपरिवर्तनीय रूप से बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा भेजा जाना चाहिए जो इसकी पुष्टि करेगा)।

5(2) यदि आवेदन ठीक पाया जाता है तो सी ए ए बैंक आफ इन्डिया, टोकियो (अनुबन्ध–2 के अनुसार) एक-प्र को एक प्राधिकार पत्र जारी करेगा और उसकी एक प्रति जापानी एग्जिम बैंक, टोकियो, भारत का राजदूतावास, टोकियो तथा भारत के सम्बद्ध बैंक (उपर्युक्त खंड 4 सी) में उल्लिखित को पृष्ठांकित करेगा। प्राधिकार पत्र की प्राप्ति के बाद बैंक आफ इंडिया, टोकियो सम्बद्ध जापानी संभरक के नाम में एक अपरिवर्तनीय शाख पत्र की स्थापना करेगा तथा मूल साखपत्र (उसकी प्रति के साथ) जो जापानी प्रायोजक बैंक (जो संविदा के लिए उनके अनुमोदन की सूचना में जापानी एग्जिम बैंक द्वारा नामोद्दिष्ट किया जाएगा) को इस अनुरोध के साथ अग्रसारित करेगा कि मूल साख-पत्र को सम्बद्ध जापानी संभरक को सौंप दिया जाए। बैंक आफ इन्डिया, टोकियो भी साख-पत्र की प्रति एग्जिम बैंक टोकियो, भारत का राजदूतावास, टोकियो तथा भारत में सम्बद्ध बैंक और सी ए ए को अग्रसारित करेगा। सी ए ए द्वारा साख-पत्र के आधार पर संविदा अनुमोदन तथा साख-पत्र खोलने के लिए उपर्युक्त प्रक्रिया प्रत्येक संविदा संशोधन तथा प्राधिकार-पत्र/साख-पत्र के लिए आवश्यक समझे जाने वाले तत्सम्बन्धी संशोधन के लिए लागू होगी।

5(3) माल के पोतलदान को प्रभावी करने के बाद जापानी संभरक साख-पत्र में विशिष्टिकृत दस्तावेजों को जापानी प्रायोजक बैंक को प्रस्तुत करेगा। बादवाला दस्तावेजों की संवीक्षा

करेगा और सम्बद्ध मसौदे को पृष्ठांकन करने के बाद इन्हें भुगतान के लिए बैंक आफ इंडिया, टोकियो को प्रस्तुत करेगा । यदि दस्तावेज सही पाए जाते हैं तो बैंक आफ इंडिया, टोकियो जापानी संभरकों के बारे में भुगतान के लिए जापानी प्रायोजक बैंक को प्रलेखों में विशिष्टिकृत धन-राशि को मुक्त करेगा । बैंक आफ इंडिया, टोकियो भी जापानी प्रायोजक बैंक को उनके बैंक प्रभारों का भुगतान करेगा जो अभी बीजक मूल्य के 1 प्रतिशत का 1/20वां है । उसके बाद बैंक आफ इंडिया, टोकियो जापानी एग्जिम बैंक से आयात की कीमत की प्रतिपूर्ति प्राप्त करेगा ।

5(4) जहां तक साख-पत्र खोलने, उसके अन्तर्गत समझौते आदि के लिए बैंक आफ इंडिया, टोकियो को चुकाने योग्य बैंकिंग प्रभारों का सम्बन्ध है, जापानी प्रायोजक बैंक के बैंकिंग प्रभार जो प्रारंभिक रूप में बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा चुकाए जाते हैं और जापानी प्रायोजक बैंक को बैंक आफ इंडिया द्वारा आयातों की कीमत के भुगतान की तारीख से गणना की जाने वाली अवधि से जापानी एग्जिम बैंक से प्रतिपूर्ति की तारीख तक के लिए ब्याज प्रभार चुकाए जाते हैं, तो इन प्रभारों को भारत के लेखों को बिना प्रभावित किए ही सामान्य बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से भारत में सम्बद्ध बैंक द्वारा बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा प्रेषित किया जाना चाहिए ।

खंड—6 : रुपया जमा करने की जिम्मेदारी :

6(1) बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा मूल पोतलदान प्रलेखों को अपरिवर्तनीय रूप में भारत में संबद्ध बैंक को अग्रसारित किया जाएगा जिन्हें प्रलेखों के परक्राम्य सेट को लाइसेंस-धारी को केवल तभी लौटा जाना चाहिए जब इसका सुनिश्चय कर लिया जाए कि जापानी संभरक को किए गए येन भुगतान के समतुल्य रुपये को तथा उसके साथ बैंक आफ इंडिया, टोकियो द्वारा जापानी प्रायेजक बैंक/जापानी संभरक को किए गए भुगतान की तारीख से रुपये जमा करने की तारीख तक के लिए 6 प्रतिशत की दर से उस पर परिकलित ब्याज भी भारत सरकार के लेखे में जमा कर दिया गया है । येन भुगतान के समतुल्य रुपये की गणना के लिए अपनाई जाने वाली मुद्रा दर मुद्रा की मिली-जुली दर होगी जो मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचना संख्या : 108—आई टी सी (पी एन)/72, दिनांक 21—7—72 में निर्धारित है या सरकार द्वारा मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचना द्वारा या भारत के रिजर्व बैंक के मुद्रा नियंत्रण परिपत्रों द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए के अनुसार हो सकती है । जिस लेखा शीर्ष के लिए उपर्युक्त रुपया जमा किया जाना चाहिए वह इस प्रकार है—"टि—डिपोजिट्स एण्ड एडवान्सेज—पार्ट II डिपोजिट्स नॉट बियरिंग इन्टरेस्ट—सिविल डिपोजिट्स—डिपोजिट्स फार परचेज एन्ड्राय अन्डर डायरेक्ट पेमेंट प्रासिजर अन्डर फारेन लोन/क्रेडिट्स" विस्तृत शीर्ष के अन्तर्गत—"डिपोजिट्स फार कास्ट आफ एक्विपमेंट ई टी सी आब्टेन्ड अन्डर दि ट्वेल्थ येन क्रेडिट फ्राम जापान ।"

6(2) उपर्युक्त धनराशि को भारत सरकार के खाते में या तो भारत के रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या भारत के स्टेट बैंक, दिल्ली में जमा किया जाना चाहिए । यदि यह संभव नहीं हो तो इसे डिमांड ड्राफ्ट द्वारा प्रेषित किया जाना चाहिए जो भारत के स्टेट बैंक की किसी शाखा या उसके सहायकों (आदेशक) से उपलब्ध हो सकता है और सार्वजनिक सूचना संख्या : 184—आई टी सी (पी एन)/68, दिनांक 30—8—68, संख्या 233—आई टी सी (पी एन)/68, दिनांक 24—10—68 तथा संख्या 132—आई टी सी)/(पी एन)

71, दिनांक 5-10-71 में यथा निर्धारित भारत सरकार के लेखा क्रेडिट के लिए भारत के स्टेट बैंक, तीस रजारी शाखा, दिल्ली—6 (आदेशिती और पावक्ष) के नाम में निकालने के लिए जमा करना चाहिए ।

6(3) भारत का सम्बद्ध बैंक ऐसे ही अतिरिक्त निक्षेप को भी उसी प्रकार भेजेगा जसाकि ऊपर निर्धारित है जिससे भारत सरकार सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकती है और सरकार द्वारा मांग किए जाने के बाद सात दिनों के भीतर इसे भेजा जाना चाहिए । चालन के विभिन्न कालमों को भरा जा रहा हो तब इस बात का निश्चय आयातकों/उनके बैंकरों द्वारा किया जाना चाहिए कि सार्वजनिक सूचना संख्या : 132—आई टी सी (पी एन)/ 71, दिनांक 5-10-71 की कंडिका 2 में निर्धारित सूचना चालान के कालम "प्रेषण का पूरा ब्यौरा तथा प्राधिकारी (यदि कोई हो)" में अपरिवर्तनीय रूप से संकेतित है । उसके बाद रुपया निक्षेप को साक्ष्यांकित करते हुए राजकोष चालन को रजिस्टर्ड डाक द्वारा सी ए ए को भेजा जाना चाहिए और उसमें उनके द्वारा जारी किए प्राधिकरण-पत्र के संदर्भ का संकेत किया जाना चाहिए और उसमें बीजक तथा पोतलदान प्रलेखों की प्रति पृष्ठांकित की जानी चाहिए ।

6(4) भारत में संबद्ध बैंक को लाइसेंस की मुद्रा नियंत्रण प्रति में रुपये में निक्षेपों की धन-राशि को भी पृष्ठांकित करना चाहिए तथा आवश्यक "एस" प्रपत्र को भारत के रिजर्व बैंक, बम्बई को भेजना चाहिए ।

6(5) वित्त मंत्रालय के सी ए द्वारा जारी की गई बैंक गारंटी तथा प्राधिकार पत्र की शर्तों के अनुसार आभारों को पूरे किए जाने के बाद भारत में सम्बद्ध बैंक गारन्टी की रिहाई के लिए सी ए को आवेदन कर सकता है । इस उद्देश्य के लिए आवेदन अवश्य ही अनुबन्ध 5 में निर्धारित प्रपत्र में किया जाना चाहिए ।

**खंड—7 : विधि व्यवस्थाएं :**

7(1) आयात लाइसेंस का उपयोग किए जाने के सम्बन्ध में रिपोर्ट :

जब साख-पत्र खोल लिया गया हो उसके बाद पोतलदानों और उनके मद्दे किए गए भुगतानों के सम्बन्ध में तथा बाकी रहे के विषय में आयातक को चाहिए कि नियंत्रक सहायतालेखा, अर्थकार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, जीवन दीप बिल्डिंग पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को एक मासिक रिपोर्ट भेजें ।

7(2) विशेष शर्तों के अधिसूचित किए जाने वाले संभरक :

यदि सौदे को लाने में किसी प्रकार की विशेष व्यवस्थाएं आयात लाइसेंस में की गई है जिनका संभरकों पर प्रभाव पड़ सकता है, लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह संभरक को इसे बतादे ।

7(3) विवाद :

यह समझ लिया जाना चाहिए कि यदि कोई विवाद लाइसेंसधारी तथा संभरकों के बीच उठ खड़ा होता है तो भारत सरकार इसकी जिम्मेदारी नहीं लेगी ।

7(4) भविष्य के लिए अनुदेश :

आयात लाइसेंस के सम्बन्ध में और जापानी प्राधिकारियों के साथ बारहवें येन क्रेडिट समझौते के अन्तर्गत सभी प्रकारों के आभारों को पूरा करने में संबंधित किसी एक और सभी मामलों में समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी किए गए किसी प्रकार के निदेशों, अनुदेशों, या आदेशों का अनुपालन लाइसेंसधारी शीघ्र ही करेगा ।

7(5) तोड़ना या उल्लंघन करना :

उपर्युक्त अनुच्छेदों में निर्धारित शर्तों को किसी प्रकार से तोड़ने या उल्लंघन करने पर आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) आदेश के अन्तर्गत उचित कार्रवाई की जाएगी ।

7(6) अनुबन्ध की सूकची :

अनुबन्ध–1 : बैंक के वचन-पत्र का प्रारूप ।

अनुबन्ध–2 : परियोजना के अनुमोदन के लिए अतिरिक्त सूचना के लिए प्रारूप ।

अनुबन्ध–3 : बैंक गारंटी का प्रपत्र ।

अनुबन्ध–4 : प्राधिकार पत्र का प्रपत्र ।

अनुबन्ध –5 : बैंक गारंटी की रिहाई के लिए आवेदन-पत्र का प्रपत्र ।

**अनुबन्ध--1**

**बैंक से वचत-पत्र**

सचिव,

वित्त मंत्रालय ,
आर्थिक कार्य विभाग ,
नार्थ ब्लाक,
नई दिल्ली ।

विषय :—बारहवें येन क्रेडिट के अधीन जापान से मल का आयात.....

सर्वश्री.....को रु० के लिए

जारी किया गया आयात लाइसेंस सं० दिनांक

प्रिय महोदय,

आपसे संविदा अनुमोदन की सूचना मिलने के 15 दिनों के भीतर हम बारहवें येन क्रेडिट से संबंधित लाइसेंस-शर्तों के खंड 5 में परिकल्पित बैंक गारंटी आपको भेजने का एतद्द्वारा वचन देते है ।

2. आपसे प्राधिकरण प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर हम प्राधिकृत धन राशि के पूर्ण मूल्य के लिए बैंक आफ इंडिया, टोकियो के माध्यम से जापानी संभरक के पक्ष में अपेक्षित साख पत्र खोलने और उसकी एक प्रतिलिपि आपको भेजने का भी वचन देते है ।

भवदीय

**अनुबन्ध–2**

**जिन परियोजनाओं में बारहवें येन क्रेडिट (परियोजना भाग) के अंतर्गत धन लगाया जाना है उनके संबंध में भेजी जाने वाली सूचना**

**1. वित्त अनुदान के लिए आवेदित धन राशि**

1. वित्त अनुदान के लिए आवेदित कुल परियोजना धन-राशि
2. वित्त अनुदान के लिए आवेदित संविदा धन-राशि

**2. उद्यम का विवरण**

1. नाम
2. स्थिति
3. संक्षिप्त इतिवृत्त
4. मुख्य मालिक या साझीदार और प्रबंध
5. तीन साल के लिए वित्तीय विवरण (संतुलन पत्र, लाभ, हानि विवरण)
6. कर्मचारियों की संख्या

**3. परियोजना का विवरण**

1. स्थिति (स्थान, क्षेत्र, आदि)
2. योजनाबद्ध क्षमता
3. परिवहन की सुविधाएं
4. विद्युत और पानी की आपूर्ति
5. कच्चे माल की आपूर्ति
6. श्रम शक्ति
7. संस्थापन कार्यक्रम
8. विपण्यता
9. प्रारम्भिक अवधि के दौरान और पूर्ण उत्पादन प्राप्त कर लेने के बाद प्रत्याशित बिक्री की कीमत और मासिक व्यवसाय
10. पूंजी की आवश्यकता और वित्त दान
11. उप-ऋण समझौते की शर्तें।

**अनुबन्ध—3**

**गारंटी बांड**

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति,

भारत के राष्ट्रपति (जिसे इसके बाद 'सरकार' कहा गया) के बदले में बारहवें येन क्रेडिट की शर्तों के अन्तर्गत जारी किये गये आयात लाइसेंस सं० .....दिनांक ..... के आधार पर ..... (जिसे बाद में "आयातक" कहा गया है) के द्वारा ..... के आयात के लिये येन में भुगतान करने के लिये सहमत होते हुये हम ..... बैंक, आयातक की प्रार्थना पर, भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट रीति से और उचित लेखा शीर्ष में सरकारी लेखे में जमा करने के लिये भुगतानों की

सूचना की पावती की तिथि से दस दिनों के भीतर बैंक आफ इण्डिया, टोकियो द्वारा व्यय की गई धनराशि को सार्वजनिक सूचना सं० 108–आई टी सी (पी एन)/72 दिनांक 21–7–72 द्वारा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 15 आई टी सी (पी एन)/72 दिनांक 28–1–72 में निहित अनुसार अथवा सार्वजनिक सूचनाय/ए डी परिपत्र में समय समय पर अधिसूचित के अनुसार परिवर्तन मिश्रित दर के हिसाब से और इस धनराशि में जापानी संभरक को भुगतान होने की तिथि से सरकारी खाते में समतुल्य रुपया जमा होने की तिथि तक की अवधि पर 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज जोड़ कर धन राशि जमा करने की व्यवस्था करने का एतद्द्वारा वचन देते हैं। बैंक आफ इण्डिया, टोकियो में प्राप्त आयात प्रलेखों का परक्राम्य सेट आयातक को तभी लौटाया जाएगा जब कि उपर्युक्त अपेक्षित रुपया जमा कर दिया गया हो।

2. हम दि..... .....बैंक, समय समय पर ऐसे स्थान और ऐसी रीति से जो सरकार निर्दिष्ट करे, आयातक द्वारा सरकार को देय अथवा चुकाने योग्य किसी धनराशि को जो ..... रुपये से अधिक न हो, या निश्चित समय के भीतर आयातक द्वारा देय या चुकाने योग्य धनराशि के किसी भाग को, और जापानी संभरक को भुगतान करने की तिथि से पिछली कंडिका में उल्लिखित ब्याज की दर से ब्याज को न चुकाने में आयातक की त्रुटि होने पर स्वयं क्षतिपूर्ति करने का और सरकार को क्षतिपूर्ति के दायित्व से मुक्त रखने का वचन देते हैं। उक्त भुगतान में आयातक द्वारा या उसकी तरफ से किसी प्रकार की त्रुटि और हमारे ..... बैंक, द्वारा देय धनराशि के सम्बन्ध में सरकार का निर्णय अन्तिम और हमारे .....बैंक पर लागू होगा।

3. हम ..... बैंक, आगे इस बात पर सहमत हैं कि संविदा के अन्तर्गत आयातों के मूल्य में या जो माल छुड़ाना बाकी है उसके मूल्य में उपर्युक्त पैरा 1 में उल्लिखित मुद्रा विनिमय की मिश्रित दर में परिवर्तन होने की स्थिति में, जब से परिवर्तन हुआ है उस परिवर्तन के अनुपात में इस बैंक गारन्टी बांड की धन-राशि को समायोजित कर लिया जायेगा।

4. हम ..... बैंक, आगे सहमत हैं कि इसके अन्दर निहित यह आरंटी उक्त करार/संविदा के निष्पादन होने तक पूरी शक्ति और प्रभाव के साथ लागू होगी और यह तब तक लाग रहेगी जब तक इसके अन्तर्गत सरकार को देय सब बकाया पूर्ण रूपेण नहीं चुकाये जाते और इस गारंटी की हैसियत से दावों को पूर्ण नहीं कर दिया गया हो या वे अदा नहीं कर दिये गये हों।

5. इस गारंटी पर आयातक या दि ..... बैंक, के विधान में किसी प्रकार का परिवर्तन होने से प्रभाव नहीं पड़ेगा और सरकार को यह पूर्ण स्वतन्त्रता होगी कि गारंटी को प्रभावित किये बिना आयातक पर लागू होने योग्य किसी भी अधिकार–को किसी समय या समय-समय के लिये स्थगित करे और पूर्वोक्त मामलों के संदर्भ के या आयातक को दिये जा रहे समय के कारण या सरकार की ओर से किसी अन्य स्थगन, निर्णय या छूट या सरकार द्वारा आयातक पर किसी अनुग्रहया कानून के अन्तर्गत प्रतिपूर्तियों से सम्बन्धित कोई भी मामला या वस्तु जो इस परन्तुक के लिये दि .....बैंक, को इसके दायित्वों से मुक्त करने के लिये प्रभाव डाले, सरकार द्वारा इन मामलों में किसी प्रकार की स्वतन्त्रता का प्रयोग करने से गारंटी के अन्तर्गत दि ..... बैंक, अपने दायित्वों से मुक्त नहीं होगा।

6. हम .....बैंक, अन्त में यह वचन देते हैं कि सरकार की लिखित पूर्व अनुमति के बिना इस गारंटी को इसकी चालू अवधि के दौरान रद्द नहीं करेंगे।

7. इस बौंड/गारंटी के अन्तर्गत हमारा दायित्व ..... रुपये (ब्याज और कमीशन प्रभार जिसकी आशा आरंटी की धनराशि के 1 प्रतिशत से अधिक होने की नहीं है) तक प्रतिबन्धित है और यह आगारंटी दिनांक .....तक और जब तक इस तिथि से 6 महीने के भीतर इस गारंटी के अन्तर्गत दावे पूर्ण नहीं कर दिये जाते और जब तक अगले 6 महीनों के भीतर इन दावों को लागू करने के लिये आवेदन या कारवाही नहीं की जाती, तब तक लागू रहेगी। इसके बाद अर्थात् दिनांक .....तक इस बांड/गारंटी के अन्तर्गत सरकार के सब अधिकार समाप्त हो जायगे और उसके अन्तर्गत हमारे सब उत्तदायित्वों से हमें छुटकारा और कार्य मुक्ति मिल जायेगी।

दिनांक .....197

कृते .....

हस्ताक्षर

भारत के राष्ट्रपति के लिये

और उनकी ओर से श्री.....

(नाम तथा पदनाम)

हस्ताक्षर.....

---

जिस तिथि तक साख पत्र को वैध रखने की आवश्यकता होती है उस तिथि में एक महीना जोड़ कर यह तिथि गिनी जाएगी।

टिप्पणी :—जिस स्टाम्प पेपर पर यह गारंटी कार्यान्वित की जानी है उसके मूल्य का निर्णय भारतीय स्टाम्प अधिनियम की धारा 31 के अन्तर्गत स्टाम्प समाहर्ता द्वारा किया जाना है।

**अनुबन्ध—4**

**निजी क्षेत्र के आयातकों के लिए**

स०.....

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक .....

सेवा में,

.....

.....

(भारतीय आयातकों का बैंक)

विषय :—बारहवें येन क्रेडिट के अधीन आयात-साख पत्र खोलने के लिये प्राधिकार पत्र का निर्गमन—आयात लाइसेंस सं०..... दिनांक .....

प्रिय महोदय,

आपकी बैंक गारन्टी सं० ..... दिनांक .....

और सर्वश्री..... (आयातक) के पत्र सं०.....

दिनांक ..... जिसमें उन्होंने आप के बैंक के माध्यम से बाहरवें येन क्रेडिट के अन्तर्गत साख पत्र खोलने के लिये अनुमति मांगी है, के संदर्भ में मैं आर्थिक कार्य विभाग द्वारा बैंक आफ इण्डिया को ..... येन तक जापानी संभरकों को भुगतान करने के लिये प्राधिकृत करते हुये जारी किए प्राधिकार पत्र (प्रारूप इस अनुबन्ध 4 के परिशिष्ट 1 के रूप में संलग्न है) संख्या ..... दिनांक .....को (एक अतिरिक्त प्रति के साथ) संलग्न करता हूं। आपको यह प्राधिकार पत्र आपके द्वारा खोले गये साख पत्र के साथ बैंक आफ इण्डिया, टोकियो शाखा को भेजना चाहिये।

2. आपको इस पत्र की तिथि से 30 दिनों की अवधि के भीतर अधिक से अधिक .....येन तक की धनराशि के लिये साख पत्र खोलने के लिये एतदद्वारा प्राधिकृत किया जाता है। इसकी सूचना इस विभाग को दी जाये। मुद्रा विनिमय नियंत्रण नियम पुस्तिका के खंड 7 के पैरा 10 की शर्तों के अनुसार आपके लिये यह सुनिश्चित कर लेना आवश्यक है कि साख पत्र समाप्ति की तिथि सम्बन्धित आयात लाइसेंस में पोतलदान के लिये यथा उल्लिखित अन्तिम तिथि या प्राधिकार पत्र में निर्दिष्ट तिथि जो भी इनमें पहले हो उससे आगे 45 दिन के बाद की न हो। साख पत्र खोलने से पहले यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि आयातकों के पास वैध आयात लाइसेंस हैं।

3. आपके द्वारा खोले गये साख पत्र में एक धारा यह होगी कि यह साख पत्र केवल बैंक आफ इण्डिया टोकियो द्वारा अनुमोदित होने पर ही प्रभावी होगा। इसलिये साख पत्र इस निवेदन के साथ इसी बैंक के माध्यम से जाना है कि यह बैंक इस सम्बन्ध में अपना अनुमोदन साख पत्र के साथ लगा दे कि बाहरवें येन क्रेडिट की शर्तों के अनुसार दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण पर वह भुगतान करने का वचन देता है। अपना अनुमोदन देने के बाद बैंक आफ इण्डिया, टोकियो साख पत्र को जापानी प्रायोजक बैंक के माध्यम से जापानी संभरक को भेजेगा, जापानी योजक बैंक, जापानी एक्सिम बैंक द्वारा निर्दिष्ट किया जायेगा।

4. साख पत्र की धन राशि इस मंत्रालय से विशिष्ट प्राधिकरण लिये बिना बढ़नी नहीं चाहिये।

5. जापानी प्रायोजक बैंक का बैंक-शुल्क जो आरम्भ से बैंक आफ इण्डिया, टोकियो द्वारा चुकाया जायेगा उसके सहित बैंक आफ इण्डिया, टोकियो का बक शुल्क और ब्याज मांग होने पर आपके द्वारा सामान्य बैंक तरीकों से सीधे बैंक आफ इण्डिया, टोकियो को प्रेषित किया जायेगा।

6. आपसे प्रार्थना की जाती है कि बैंक आफ इण्डिया, टोकियो से दस्तावेज प्राप्त होने के 10 दिनों के भीतर आपके द्वारा प्रस्तुत की गई गारंटी के अनुसार जापानी संभरक को येन में चुकाई गई धनराशि के बराबर रुपया जमा करने की व्यवस्था करें। संभरकों को चुकाई गई धनराशि के बराबर रुपये की गणना सार्वजनिक सूचना सं० 108—आई टी सी (पी एन)/72 दिनांक 21—7—72 द्वारा यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 15—आई टी सी (पी एन)/72 दिनांक 28—1—72 के अनुसार या अन्य ऐसी सार्वजनिक सूचना जो समय समय पर जारी की जाएं के अनुसार संभरकों के भुगतान करने की तिथि को यथा प्रचलित परिवर्तन की मिश्रित दर पर की जायेगी।

उपर्युक्त धनराशि के साथ संभरक को भुगतान करने की तिथि से सरकार के लेखे में तुल्य रुपया जमा करने की तिथि तक के बीच की अवधि के लिये 6 प्रतिशत सालाना की दर से ब्याज भी सरकारी लेखे में जमा करना होगा । (इस दर में यदि कोई परिवर्तन किया गया तो तुरन्त उसकी सूचना दी जायेगी) इन धनराशियों को आयातक को आयात दस्तावेज देने से पहले यथार्थ-रूप से जमा करने के लिये व्यवस्था करना आपका उत्तरदायित्व होगा ।

7. ये धन राशियां या तो रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी, दिल्ली में जमा करनी चाहिएं या स्टेट बैंक आफ इंडिया की किसी शाखा या इसकी अनुषंगी संस्थाओं (आदेशक) से आपके द्वारा प्राप्त की गई स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी शाखा दिल्ली–6 (आदेशिती और आदाता) के नाम में और उसको देय दर्शनी हुंडी के माध्यम से प्रेषित करनी चाहिए । इस संबंध में आपका ध्यान सार्वजनिक सूचना सं० 233–आई टी सी (पी एन)/68 दिनांक 24–10–1968 और सं० 184–आई टी सी (पी एन)/68 दिनांक 30–8–68 और सं० 132–आई टी सी (पी एन)/71 दिनांक 5–10–71 की शर्तों की ओर दिलाया जाता है । लेखा शीर्ष जिसमें धनराशि जमा की जाएगी वह "टी डिपोजिट्स एंड एडवांसिज पार्ट 2—डिपोजिट्स नाट बियरिंग इन्ट्रेस्ट—सिविल डिपोजिट्स—डिपोजिट्स फार परचेजिज एब्रोड अंडर डायरेक्ट प्रोसीजर" हैं यह विस्तृत शीर्ष "डिपोजिट फार कोस्ट आफ सप्लाईज एंड इक्विपमेंट आब्टेंड अंडर टुवेल्थ येन क्रेडिट" के अंतर्गत है ।

8. जिन मामलों में तुल्य रुपया रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी दिल्ली में सार्वजनिक सूचना सं० 132–आई टी सी (पी एन)/71 दिनांक 5–10–71 के अनुसार नकद में जमा किया जाता है उनमें चालान की मूल रूप में एक प्रतिलिपि जमा की गई धन राशि बताते हुए और इस पत्र का संदर्भ देते हुए एक अग्रेषित पत्र के साथ आपके द्वारा निम्नलिखित पते पर भेजी जानी चाहिए :—

सहायता लेखा नियंत्रक,

वित्त मंत्रालय,

(आर्थिक कार्य विभाग),

द्वितीय मंजिल, जीवन दीप बिल्डिंग,

पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–1

जिस मामले में तुल्य रुपया उपर्युक्त सार्वजनिक सूचना सं० 233–आई टी सी (पी एन)/68 दिनांक 24–10–68 में यथा उल्लिखित दर्शनी हुंडी द्वारा प्रेषित करना है उसकी सूचनाएं उपर्युक्त पते पर भेजनी चाहिएं । ब्याज की चुकाई गई धन राशि और जिस अवधि के लिए ब्याज की गणना की गई हैं उसके साथ जमा किए गए तुल्य रुपये का पूरा ब्यौरा सभी मामलों में इस विभाग को प्रस्तुत करना चाहिएं ।

कृपया इस पत्र की पावती भेजें ।

भवदीय

लेखा अधिकारी

प्रतिलिपि निम्नलिखित को अग्रेषित :—

1. सर्वश्री आयातक सूचनार्थ, उनके उद्धृत पत्र के संदर्भ में प्राधिकार पत्र की एक प्रति भी संलग्न की जाती है ।

2. बैंक आफ इंडिया, टोकियो को सूचनार्थ और 9-1-73 को भारत सरकार के साथ उनके समझौते की शर्तों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए ।

3. जापान का आयात-निर्यात बैंक, टोकियो, जापान ।

4. भारत का दूतावास, टोकियो, सूचनार्थ ।

**अनुबंध—4 का परिशिष्ट—1**

प्राधिकार पत्र सं० .....

सं० एफ .....

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक

सेवा में,

बैंक आफ इंडिया

टोकियो शाखा,

टोकियो (जापान)

विषय :—बारहवें येन क्रेडिट के अधीन आयात साख पत्र के अनुमोदन के लिए प्राधिकार पत्र का निर्गमन ।

प्रिय महोदयगण,

आपके बैंक के साथ 9 जनवरी, 1973 को किए गए समझौते की शर्तों के अनुसार हम एतद्द्वारा आपको (भारतीय आयातक) द्वारा की गई संविदा के आधार पर ———— के आयात के लिए (जापानी संभरक) के पक्ष में ———— येन के लिए (भारतीय बैंक) द्वारा खोला जाने वाला साखपत्र जो (जापानी प्रायोजक बैंक) के माध्यम से लाभग्राही को भेजा जाना है, के अनुमोदन के लिए और इस साख पत्र के अंतर्गत अपेक्षित दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण पर प्रायोजक जापानी बैंक के शुल्क के साथ उक्त साखपत्र के अधीन धनराशि चुकाने के लिए प्राधिकृत करते हैं ।

2. प्रत्येक भुगतान के बाद, पोतलदान और दूसरे दस्तावेज (परक्राम्य) (भारतीय बैंक) को भुगतान-सूचना के साथ सीधे भेजे जाएं और एक्जिम बैंक आफ जापान/सहभागी सिटी बैंकों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए चुकाई गई धनराशियों की प्रतिपूर्ति के लिए आपको तुरन्त दावा करना चाहिए । जब और जैसे ही आप कोई भुगतान करें और आपको कोई धन वापसी मिले तो उसकी सूचना निर्धारित प्रपत्र में इस मंत्रालय को भेजनी चाहिए ।

3. आपके बैंक का शुल्क और प्रारम्भ में आपके द्वारा चुकाया गया जापानी बैंक का शुल्क और उपर्युक्त साखपत्र के अधीन ब्याज का खर्च (भारतीय बैंक) द्वारा सीधे आपके साथ तय किया जाएगा ।

4. यह प्राधिकार पत्र ---------- तक वैध रहेगा ।

भवदीय

लेखा अधिकारी

अनुबंध—5

बैंक गारंटी की रिहाई के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

सेवा में,

सहायता लेखा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
जीवनदीप बिल्डिंग,

10, पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली ।

महोदय,

हम . . . . . रुपये के लिए बैंक गारंटी सं० . . . . . दिनांक . . . . . के अन्तर्गत अपने दायित्व के अनुपालन में हमारे द्वारा जमा किए गए रुपये की विस्तृत सूचना नीचे इस आवेदन के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं कि बैंक गारंटी रिहा की जाए और हमें लौटाई जाए :—

1. जिसकी ओर से बैंक गारंटी प्रस्तुत की गई थी उस आयातक/लाइसेंसधारी का नाम और पूरा पता ।

2. आयात लाइसेंस की सं०, दिनांक, मूल्य, उसके अधीन आयात के लिए अनुमेय किए गए उपस्कर और/या पण्य वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण ।

3. साखपत्र खोलने के लिए वित्त मंत्रालय से प्राप्त किए गए प्राधिकरण(णों) के ब्यौरे (प्रत्येक प्राधिकरण पत्र के लिए अलग से ब्यौरा दिया जाना है)

   (क) पत्र संख्या और दिनांक

   (ख) प्राधिकरण की धनराशि

   (ग) जापानी येन क्रेडिट की संख्या

4. आयातों के और जमा किए गए रुपये के ब्यौरे (प्रत्येक साखपत्र प्राधिकरण के लिए अलग से ब्यौरा दिया जाना है)

   (क) खोले गए साखपत्र के ब्यौरे (संख्या, दिनांक, मूल्य, संभरक का नाम)

   (ख) बीजक की संख्या और प्रत्येक साखपत्र से संबंधित दिनांक

(ग) ब्रीजक की धनराशि (वास्तविक), येन में

(घ) जमा किए गए रुपये की धनराशि

(ङ) संबंधित चालान सं० और दिनांक और राजकोष/बैंक का नाम

(च) यदि रुपया दर्शनी हुंडी द्वारा जमा किया गया है तो दर्शनी हुंडी की सं० और दिनांक और जिस पत्र के साथ दर्शनी हुंडी स्टेट बैंक आफ इंडिया, दिल्ली को भेजी थी उसकी सं० और दिनांक ।

5. प्रत्येक साखपत्र प्राधिकरण में उपयोग की गई और बिना उपयोग की गई शेष धनराशि (येन)

ii. हम प्रमाणित करते हैं कि :—

(1)* वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए प्राधिकरण(णों) में उपलब्ध . . . . . येन की शेष धनराशि उपयोग नहीं की गई/उपयोग नहीं की जाएगी ।

अथवा

प्राधिकरण(णों) और तारीख प्राधिकरणों के अंतर्गत कोई साख पत्र नहीं खोला गया था ।

अथवा

साखपत्र, बिना उपयोग किए समाप्त हो गए प्राधिकरण पत्र (पत्रों) के आधार पर खोला गया था, और

(2) विषयाधीन बैंक गारंटी के अंतर्गत हमारा दायित्व विधिवत पूर्ण हो गया है ।

iii. हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि बैंक आफ इंडिया, टोकियो का ब्याज और बैंक शुल्क इस सौदे से संबंधित जापानी प्रायोजक बैंक के बैंक-शुल्क सहित बैंक आफ इंडिया, टोकियो को हमारे द्वारा भेज दिया गया है ।

iv. हम आवेदन करते हैं कि बैंक गारंटी कृपया रिहा की जाए और निरस्त करने के लिए हम को लौटा दी जाए ।

भवदीय,

बैंक के लिए और बैंक की ओर

प्राधिकृत अभिकर्ता

*जो भी लागू हो ।

एस० जी० बोस मल्लिक,

मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात ।

PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE MANAGER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1973